**मुख्य समाचार :–**

- 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' अभियान को छात्रों का मिल रहा उत्साहजनक समर्थन। अब तक 35 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पोर्टल पर अपने निबंध अपलोड किए।
- प्रदेश में खेल महाकुम्भ के तहत पहली सितम्बर से 30 अक्टूबर तक न्याय पंचायत, विधानसभा, संसदीय क्षेत्र और राज्य स्तर पर होगा प्रतियोगिताओं का आयोजन।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले के धौलाघाट में 280 पात्र श्रमिकों को पोषण, स्वच्छता और शैक्षणिक सामग्री किट वितरित की।
- चमोली जिले के पीपलकोटी में सुरंग हादसे के बाद लापता दो श्रमिकों के शव बरामद। तलाशी अभियान पूरा।

**निबंध अपलोड**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आह्वान पर 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' अभियान को विद्यार्थियों का उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है। 'सीएम विद्यार्थी मंथन डॉट कॉम' पोर्टल पर अब तक 35 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने अपने निबंध अपलोड किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 10 अगस्त को 11वीं और 12वीं के करीब तीन लाख विद्यार्थियों के साथ ऑनलाइन संवाद के दौरान पर्यटन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और तकनीकी जैसे विषयों पर विद्यार्थियों से अपने विजन साझा करने का आह्वान किया था। उन्होंने श्रेष्ठ 140 विचार लिखने वाले युवा विद्यार्थियों को शासन के सचिवों के साथ विचार विमर्श करने, स्वयं के साथ भी अनुभव साझा करने और विद्यार्थियों के सुझावों को राज्य की नीतियों में शामिल करने की बात कही थी। अभियान के तहत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। अभियान के संयोजक डॉ. राहुल अग्रवाल ने बताया कि ऐसा अभियान देश ने पहली बार हो रहा है, जिसमें जेन–ज़ी और अल्फा दोनों पीढ़ी हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों का समर्थन मिल रहा है। निबंध अपलोड करने की अंतिम तारीख 24 अगस्त है। मुख्यमंत्री भी स्वयं इस अभियान की निगरानी करने के साथ ही प्रतिदिन इसकी समीक्षा कर रहे हैं।

**खेल महाकुम्भ**

प्रदेश में "खेल महाकुम्भ– मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी" के तहत प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तय कर दी गई है। न्याय पंचायत स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताएं पहली से 10 सितंबर, विधानसभा स्तर की विधायक चैम्पियनशिप ट्रॉफी 11 से 20 सितंबर और संसदीय क्षेत्र स्तर की सांसद चैम्पियनशिप ट्रॉफी 21 से 30 सितंबर तक आयोजित होगी। राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रतियोगिताएं 10 सितंबर से 30 अक्टूबर तक चलेंगी। प्रतियोगिताओं में कबड्डी, एथलेटिक्स, खो–खो, वॉलीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, जूडो, हॉकी, कुश्ती, तैराकी और तीरंदाजी सहित विभिन्न खेल शामिल हैं। महिला ओपन वर्ग और दिव्यांगजन महिला–पुरुष ओपन वर्ग के लिए भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं निर्धारित की गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल महाकुम्भ का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर देना है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल के तत्वावधान में पिथौरागढ़ विकास भवन में आयोजित दो दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कार्मिकों को पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध सेवा वितरण से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। अकादमी की असिस्टेंट प्रोफेसर मंजू पांडेय ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को बेहतर जनसंवाद और प्रभावी जनसेवा के लिए सक्षम बनाना है।

## परीक्षा परिणाम

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाफल सुधार परीक्षा–2026 प्रथम और परीक्षा–2025 तृतीय का परिणाम कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे घोषित करेगा। परिषद के सचिव विनोद कुमार ढौंडियाल ने बताया कि परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल परिषद की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in पर देख सकते हैं।

## किट वितरण

अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के धौलाघाट में आज उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने 280 पंजीकृत पात्र लाभार्थियों को पोषण, स्वच्छता और शैक्षणिक सामग्री किट वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिक, प्रदेश के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनके हितों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, श्रमिकों के लिए विवाह सहायता, प्रसूति और मृत्यु के बाद सहायता के साथ ही छात्रवृत्ति, कौशल विकास और स्वास्थ्य जैसी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## सुरंग हादसा

चमोली जिले के पीपलकोटी में गत 13 अगस्त को हुए सुरंग हादसे के बाद लापता दो श्रमिकों के शव आज बरामद कर लिए गए। इसके साथ ही तलाशी अभियान पूरा हो गया है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि इस हादसे में अब जान गंवाने वाले श्रमिकों की संख्या 10 हो गई है, जबकि 12 अन्य घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। उधर, जिले में ज्योतिर्मठ तहसील के ग्राम लोंग सेगड़ी के समीप तमक नाले में पिछले दिनों अतिवृष्टि के कारण आए तेज बहाव और मलबे की चपेट में आए हवलदार पंकज की तलाश भी युद्धस्तर पर की जा रही है।

## विज्ञान प्रीमियर लीग

उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, देहरादून के तत्वावधान में आज बागेश्वर जिले के तीनों विकासखंडों में दूसरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग का विकासखंड स्तरीय चरण आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े प्रश्नों को हल कर अपनी तार्किक क्षमता, ज्ञान और वैज्ञानिक दुष्टिकोण का प्रदर्शन किया। जिला समन्वयक दीप चंद्र जोशी ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान को रुचिकर तरीके से समझने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। छात्र लोकेश सिंह नेगी और अभिज्ञान सिंह जनौटी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से उनकी विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी और नया अनुभव भी सीखने को मिला।

**स्वच्छता अभियान**

चम्पावत जिले में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन को लेकर आज व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और पीएमजीएसवाई समेत विभिन्न निर्माण एजेंसियों ने सड़क मार्गों पर व्यापक स्तर पर सफाई की गई। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मोहन पलड़िया ने बताया कि अभियान के दौरान सड़क किनारे जमा मलबे और झाड़ियों को हटाकर यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाया गया। उन्होंने बताया कि विभागीय कार्यालय परिसरों में भी नियमित स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।